राजस्थान सरकार
राजस्व (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक : प.13(14)राज.–1/2002 पार्ट–1 **जयपुर, दिनांक :**

–: अधिसूचना :–

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 (अधिनियम संख्या–15) की धारा–107 व 108 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजस्थान सरकार एतद्‌द्वारा निर्देश देती है कि तहसील–सूरतगढ़, जिला–श्रीगंगानगर के इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र के 43 ग्रामों के मौके के अनुसार मुरब्बा नम्बर व किला नम्बर में परिवर्तित किये जाने के लिए अभिलेखों का पुनः निरीक्षण का कार्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक : प.13(14)राज.–1/2002 दिनांक 27.05.2003 द्वारा प्रारम्भ किया गया था तथा निर्दिष्ट संक्रियाओं के भार साधन हेतु इस अधिसूचना द्वारा उपखण्ड अधिकारी, सूरतगढ़ को अपर भू–अभिलेख अधिकारी एवं तहसीलदार, सूरतगढ़ को सहायक भू–अभिलेख अधिकारी नियुक्त किया गया था। चूंकि तहसील सूरतगढ़ के उक्त 43 ग्रामों/चकों में से 05 ग्रामों का पुनः निरीक्षण कार्य अधिसूचना समसंख्यक दिनांक 07.06.2007 व 07 ग्रामों का पुनः निरीक्षण कार्य अधिसूचना समसंख्यक दिनांक 27.08.2007 से बन्द घोषित किया जा चुका हैं, अब शेष रहे ग्रामों में से 05 ग्रामों क्रमशः हिंजरासर, उदयपुर उदासर, सोमासर, गुडली बारानी, नांगलिया का अभिलेख कार्य पूर्ण हो चुका हैं। अतः इस अधिसूचना के प्रसारण होने की दिनांक से उपरोक्त 05 ग्रामों का मौके अनुरूप मुरब्बा नम्बर व किला नम्बर में परिवर्तित किये जाने के लिये अभिलेखों का पुनः निरीक्षण कार्य बन्द घोषित किया जाता हैं तथा उक्त ग्रामों के भार साधन हेतु नियुक्त उपखण्ड अधिकारी, सूरतगढ़ को अपर भू–अभिलेख अधिकारी (प्रभारी अधिकारी) एवं तहसीलदार, सूरतगढ़ को सहायक भू–अभिलेख अधिकारी की नियुक्ति निरस्त की जाती हैं।

आज्ञा से

(नरेन्द्र गुप्ता)
विशिष्ट शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निबन्धक, राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर।
2. जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर ।
3. भू–प्रबन्ध आयुक्त, राजस्थान, जयपुर
4. अधीक्षक, केन्द्रीय मुद्रालय, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि राजस्थान राजपत्र के आगामी अंक में उक्त अधिसूचना का शीघ्र प्रकाशन कर प्रकाशित विज्ञप्ति की एक प्रति इस विभाग एवं भू–प्रबन्ध आयुक्त, राजस्थान, जयपुर तथा जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर को को भिजवाने का कष्ट करें।
5. भू–प्रबन्ध अधिकारी, बीकानेर।
6. रक्षित पत्रावली।

विशिष्ट शासन सचिव

RajKaj Ref
5733653

Signature Not Verified
Digitally signed by Narendra Gupta
Designation : Special Secretary To Government
Date: 2024.05.13 21:19:34 IST
Reason: Approved